## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

### विज्ञप्ति

### दिनांक– 07/02/2026

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0 1228/एसएलएसए–5/2002 (पीएस), दिनांकित अप्रैल 11, 2023 के आदेशानुसार जनपद इटावा में गठित स्थाई लोक अदालत के संचालन हेतु आशुलिपिक, पेशकार एवं चपरासी के 01–01 पदों (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों) की अनुबंध/निश्चित मानदेय पर के आधार पर नियुक्ति की जानी है। आवेदक की आयु 60 वर्ष से कम या 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। तत्क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के निर्देशानुसार आशुलिपिक, पेशकार एवं चपरासी के 01–01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। जिसका विवरण तालिका में अंकित है।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | वेतनमान/मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | पेशकार | 1 | जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रु0 9000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु |
| 1 | आशुलिपिक | 1 | जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रु0 9000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु |
| 2 | चपरासी | 1 | जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रु0 7000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु |

शासनादेश द्वारा सृजित उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते है। आवेदन पत्र अभ्यर्थी अपना नाम , पता , जन्मतिथि, विभाग का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुये है) सेवानिवृत्ति की तिथि, फिटनेस प्रमाण–पत्र , पहचान पत्र (आधार कार्ड ,मतदाता पहचान पत्र आदि) तथा मोबाइल नम्बर अंकित करते हुये किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25/02/2026 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा में व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इच्छुक आवेदक निर्धारित आवेदन पत्र की प्रति जनपद न्यायालय, इटावा की वेब–साइट (https://district.ecourts.gov.in/etawah) या माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट (http://www.allahabadhighcourt.in) अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा से प्राप्त कर सकते है।

दिनांक 25/02/2026 को सांय 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किए जाएगा।

संलग्नकः आवेदन का प्रारूप।

(आरती द्विवेदी)
पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

प्रतिलिपिः–

1– माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह कलेक्ट्रेट इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

3– नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, इटावा को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेबसाइट एवं जनपद न्यायालय, इटाबा की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

3– जिला सूचना अधिकारी, इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन करवाने का कष्ट करें।

4– केन्द्रीय नाजिर जजी इटावा को इस आशय से प्रेषित कि वह जनपद न्यायालय इटावा के सूचना पट पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।

5– कार्यालय प्रति।

(आरती द्विवेदी)
पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।